मुख्यमंत्री ने 2 पॉवर ग्रिड की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सचिवालय में **ऊर्जा विभाग** द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से **गढ़वा ज़िले की भगोडीह में स्थापित 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन मेराल** का उद्घाटन किया और **132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन नगर अंतरी** (भवनाथपुर) और **ग्रिड सब स्टेशन छतरपुर** की आधारशिला रखी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ग्रिड सब स्टेशन मेराल की स्थापना से गढ़वा ज़िले के मकरी, पंडरिया, बुका, गरदा, सरैया, अरसली आदि क्षेत्रों को लाभ होगा।
- अब इन इलाकों के उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी तथा यहाँ के व्यवसायियों, स्कूलों और अन्य संस्थानों समेत सभी लोगों को बिजली से जुड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि पलामू मंडल में भविष्य में बिजली की मांग को देखते हुए नगर अंतरी (भवनाथपुर) और छतरपुर में 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन की आधारशिला रखी गई है। आने वाले 24 महीनों में दोनों पॉवर सबस्टेशन ग्रिड बनकर तैयार हो जाएंगे।
- उन्होंने कहा कि छतरपुर में बनने वाले बिजली सबस्टेशन ग्रिड में पहली बार जीआईएस (गैस इंसुलेटेड स्विचगियर) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे पॉवर ट्रांसमिशन में गड़बड़ी कम देखने को मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-lays-foundation-stone-of-2-power-grid